स्पीड न्यूज

## थाना समाधान दिवस पर एक का हुआ निपटारा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान तीन जमीन सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुए। मौके पर एक मामला का निपटारा कर दिया गया व दो मामले में तारीख दी गयी है। मौके पर एएसआई मदन मोहन शर्मा, सीआई दिनेश राम, अंचल कर्मी सनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरण



**कोडरमा।** कल्याण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की महवाकांक्षी योजना निःशुल्क साईकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कोडरमा प्रखंड के 81 छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। जिसमें 33 छात्र और 48 छात्राएं शामिल हैं। निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत कोडरमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदरवा देहाती कोडरमा के छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया।

## नाबालिक युवती मुंबई से बरामद

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत जामु की नाबालिक युवती को मंगलवार को मरकच्चो पुलिस बरामद कर 164 बयान के लिए न्यायालय भेज दिया एवं लड़के को जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि दो जुलाई को जामु की नाबालिक युवती को कमलदेव राम पिता नारायण रविदास अंबेडकर बस्ती बिष्णुगढ़ ने झांसा देकर घर से भगा लिया था, लड़की के पिता ने इसकी जानकारी 2 जुलाई को मरकच्चो थाना में दिया। इसके बाद मोबाइल ट्रेस के आधार पर महाराष्ट्र मुंबई से बरामद कर मरकच्चो थाना लाया गया, जहां मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा अग्रेतर कार्रवाई करते हुए लड़का को जेल एवं नाबालिक को 164 बयान के लिए कोडरमा न्यायालय भेज दिया।

## बगैर चालान गिट्टी लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर कानिकेंद जंगल के समीप मंगलवार की शाम को नवलशाही पुलिस ने बगैर चालान के गिट्टी लदा हाइवा संख्या जेएच12पी-8378 को जब्त किया है। इस संबध में एसआई रवि प्रकाश ने बताया कि कानिकेंद के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान गिट्टी लदा हाइवा ट्रक जो घोरथम्बा की ओर से आ रही थी। उक्त स्थल पर पहले से मौजूद पदाधिकारीयों ने उक्त हाइवा को रोककर चालक से गिट्टी से संबंधित चलान की मांग की। चालक द्वारा कोई कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर वाहन को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर में अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया हैं।

## चोरी की घटना से दहशत का माहौल



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जोगिडीह पंचायत अंतर्गत डुमरी गांव में सोमवार की रात चोरों ने नरेश साव और अमरेश साव के घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों का ताला तोड़कर जेवर, कपड़े और 15 हजार रुपये नकद चुरा लिए। पीड़ितों ने बताया कि वे खाना खाकर छत पर सोने चले गए थे और सुबह उठने पर उन्हें चोरी का पता चला। चोर देवघर जाने के लिए रखे गए लाखों रुपये के सामान सहित फरार हो गए। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी संजीत सिंह, सुनील पाठक, रामा पाठक, देवकुमार मिस्त्री, ललन राम और कमलकिशोर के घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी चोर को पकड़ने में विफल रही है, जिससे चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा पहुंची कोडरमा

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** उतरी छोटानागपुर प्रमण्डल के आयुक्त सह प्रेक्षक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम सुमन कैथरीन किस्पोट्टा मंगलवार को कोडरमा पहुंची और स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त सह प्रेक्षक ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों की नियमित मोनेटरिंग करें, साथ ही छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करवाने, वोटर हेल्पलाइन नम्बर में आ रहे शिकायतों को समय पर निष्पादित करना सुनिश्चित करें। इसके अलावे उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने, मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने आदि का निर्देश दिया। इसके पूर्व एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रिया सिंह ने पीपीटी के माध्यम से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दिया। वहीं एसडीओ ने आयुक्त को बताया कि कार्यक्रम के तहत छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करने, मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाने समेत सूची की अन्य त्रुटियों को दूर करने से सम्बंधित फॉर्म जमा किया जा रहा है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ आदि मौजूद थे।

## प्रतापपुर के तत्कालीन सीओ पर घूस लेने का आरोप, वीडियो वायरल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर अंचल के तत्कालीन सीओ नित्यानंद दास पर म्यूटेशन के नाम पर घूस लेने का आरोप लगा है। यह आरोप एक महिला ने लगाया है। इससे संबंधित एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।आरोप लगाने वाली महिला के मुताबिक तत्कालीन सीओ नित्यानंद दास ने जमीन म्यूटेशन के नाम पर चार लाख रुपए लिए। इसी बीच उनका ट्रांसफर हजारीबाग के विष्णुगढ़ में हो गया। आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी उन्होंने काम नहीं किया। अब पैसे भी नहीं लौटा रहे थे। जानकारी के मुताबिक ट्रांसफर होने की जानकारी मिलने के बाद आरोप लगाने वाली महिला ने सीओ से पैसे वापस करने की बात कही। इसके बाद बड़ी मुश्किल से उन्होंने इसके लिए हामी भरी। इसके बाद उन्हें बीच सड़क पर रोका गया। जहां उन्होंने खुद के खाते से 50 हजार ट्रांसफर किए। जानकारी के मुताबिक सीओ नित्यानंद दास ने फिर 80 हजार रुपए अंचल के कर्मचारी नारायण झा के जरिए कैश में वापस भेजे। वायरल वीडियो में महिला के घर पर पैसे गिनते अधिकारी दिख रहा है। उसे अंचल कर्मचारी बताया जा रहा है। हालांकि इस पूरे प्रकरण पर सीओ नित्यानंद दास से संपर्क करने की कोशिश हुई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को आग से सुरक्षा के उपाय, आग लगाने के कारण एवं आज से बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया। जिले के अग्निशमन अधिकारी शैलेंद्र किशोर ने स्वयं छात्रों को इस कार्यशाला में पहले तो आग लगने के कारण को बताया फिर बचाव एवं सुरक्षा के तरीकों को समझाया। उन्होंने कहा घरों में आग लगने का प्रमुख कारण गैस के नॉब को खाना बनाने के बाद बंद न करना, गैस सिलेंडर को खड़ा कर ना रखना, शॉर्ट सर्किट हो जाना, मामबत्तियां जलाकर सुरक्षित स्थान में ना रखना, ओवन का इस्तेमाल सुरक्षित तरीकों के साथ ना करना एवं धूम्रपान कर सिगरेट को यहां वहां फेंक देना। इन कारणों को बताने के बाद उन्होंने आग लगने की स्थिति में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों, विभिन्न प्रकार की आग और उनके लिए उपयुक्त अग्निशमन उपकरणों की पहचान के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने अग्निशमन अधिकारी शैलेंद्र किशोर को ान्यवाद दिया एवं कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आग से बचाव के लिए जागरूक करना है। यह कार्यशाला छात्रों के लिए बिल्कुल ही उपयोगी है, क्योंकि छात्र अब जान चुके हैं अलग-अलग किस्म की आग पर किस प्रकार के अग्निशमन उपकरण और उपाय का प्रयोग कर सकते हैं और लोगों की मदद कर सकते हैं। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने अग्नि सुरक्षा कार्यशाला की सराहना की और उन्होंने कहा इस प्रकार की कार्यशाला छात्रों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष तौर पर छात्रों को जानकारियां देने आए जिले के अग्निशमन अधिकारी को धन्यवाद दिया।

### आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, कहा

# बीएलओ घर घर जाकर छूटे हुए लोगों का नाम सूची में दर्ज करें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उतरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग की आयुक्त सह प्रेक्षक सुमन कैथरीन किस्पोट्टा मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक के उपरांत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं के साथ साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया। आयुक्त ने मरकच्चो प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय मूर्कमनाय स्थित मतदान केंद्र संख्या 365, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेशमी मतदान केंद्र संख्या 374 व 376, राजकीय मध्य विद्यालय बिचारिया मतदान केंद्र संख्या 385 व 386, उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमंडी मतदान केंद्र संख्या 261, डोमचांच प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय मसनोडीह मतदान केंद्र संख्या 308 व 309 कोडरमा प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय मतदान केंद्र संख्या 165 व 166 आदि केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर से फॉर्म 6, 7 और 8 के कलेक्शन की जानकारी लेते हुए कहा कि आपलोग घर घर जाकर छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करें।

अभियान के दौरान एक भी मतदाता छूटे नही जिन घरों में आपलोग जा रहे हैं। वहां सर्वे के बाद उनके घर में कोई मतदाता छूटे नही से सम्बंधित स्टिकर लगाएं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, अंचलों के सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## चतरा महाविद्यालय में विदाई समारोह का हुआ आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीतिक विज्ञान विभाग में पीजी सेम 4 के विद्यार्थियों को पीजी सेम 2 के विद्यार्थियों ने विदाई दी। विदाई समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार झा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मनीष दयाल, गणित विभागाध्यक्ष डॉ हेमंत कुमार मिश्रा, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो विवेक आशीष बाखला, अंग्रेजी के प्रो अतुल अनुराग, प्रो अमित टिग्गा, प्रो चंद्रकांत कमल और शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ नंद किशोर सिंह सुलभ एवं प्रो प्रेम बसंत बाखला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजनीतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एल्विन बाखला ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।प्राचार्य डॉ मुकेश झा ने विद्यार्थियों को सदा नई चीजें सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ मनीष दयाल ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और हमेशा सकारात्मक बने रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ नंद किशोर सिंह ने जीवन के हर मुश्किलों को चुनौती एवं अवसर के रूप में लेने की सीख दी।समारोह में निर्मला एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत गाया गया। कुमारी मौसम द्वारा स्वागत नृत्य किया गया। स्वाति एवं शशिकांत द्वारा पीजी के अध्ययन का अनुभव साझा किया गया। मंच का संचालन अभय कुमार और शिल्पी द्वारा किया गया। अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा हेतु पौधा प्रदान किया गया।धन्यवाद ज्ञापन प्रो विवेक आशीष बाखला द्वारा किया गया।

# जनन मुद्रा टीम ने कराई द विगेस्ट डांस चैंपियनशिप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जनन मुद्रा टीम की ओर से रविवार को शिव वाटिका में द विगेस्ट डांस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में झारखंड/बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, बंगाल, दिल्ली, पंजाब, उड़ीसा के दर्जनों प्रतिभागी ऑनलाइन हिस्सा लेकर चैंपियनशिप प्रतियोगिता में चयनित हुए। आयोजित चैंपियनशिप को सोलो, बैटल और ग्रुप तीन कैटेगरी में आयोजित की गई थी। सेमीफाइनल प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डांस इंडिया डांस के बेस्ट डांसर विष्णु केसी और फाइनल प्रतियोगिता के निर्णायक इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन-3 के फाइनलिस्ट नोरबू तमांग थे। जबकि बैटल कैटेगरी में निर्णायक बैटल और डांस प्लेटफार्म पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके किंग कैओस मौजूद थे।




**ग्रुप में रिदम मिक्स प्रथम व सोलो में लकी प्रथम विजेता बनी**

चैंपियनशिप के ग्रुप कैटेगरी में हजारीबाग के रिदम मिक्स प्रथम धनबाद के द स्वैग फैम दूसरे व रांची के एमएम वॉरियर्स तीसरे स्थान पर रहे। इसमें प्रथम विजेता को 35 हजार, दूसरे विजेता को 20 हजार व तीसरे विजेता 10 हजार की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं सोलो कैटिगरी में दिल्ली के लकी प्रथम, कोलकाता के रोशन यादव दूसरे व मुंबई के सदव सरकार तीसरे स्थान पर रहे। इसमें प्रथम विजेता को 20 हजार, दूसरे विजेता को 15 हजार व तीसरे विजेता को 10 हजार की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार बैटल कैटेगरी में पंजाब की क्रंप दीपा को 20 हजार तथा दिल्ली के रीप योर स्टाइल शिव को 20 हजार राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया।

चैंपियनशिप कार्यक्रम के आयोजक रिचा चंद्रा, प्रिंस पॉल, हर्ष कुमार व यशराज सेठ तथा प्रायोजक यामाहा एआर इंटरप्राइजेज के अभिषेक पांडेय थे। चैंपियनशिप में प्रतिभागियों ने अपनी अपनी नृत्य व कला से दर्शकदीर्घा को ना सिर्फ रोमांचित किया, बल्कि श्रोताओं के बीच अपनी संमा बांधे रखा। पूरा शिव वाटिका दर्शकदीर्घा से खचाखच भरा था। इस अनूठी डांस चैंपियनशिप ने जिले को एक अनूठी पहचान भी दिला गई।

चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यामाहा एआर इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक पांडे ने कहा कि जनन मुद्रा डांस चैंपियनशिप ने न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, बल्कि विभिन्न शहरों और संस्कृतियों के लोगों को एक साथ लाने का भी प्रयास किया। वहीं ऐसे आयोजन से झारखंड जिला डांसिंग के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। मौके पर संगीता शर्मा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार, बीरू यादव, महेश दारूका, रामरतन महर्षि, कैलाश चौधरी, शैलेश दारूका, सुरेश जैन, प्रवीण बर्णवाल, रश्मि बर्णवाल, शाहिल सोनी, सहित अनेको जगह से आये डांसर एवं स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

## एक नजर में

### भूमि विवादों के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन



**टंडवा।** थाना में भूमि विवाद के निपटारे के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया, जहाँ फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुँचे थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर इंस्पेक्टर अनिल उरांव और अंचलाधिकारी विजय दास के नेतृत्व में आयोजित इस जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोग भूमि विवाद को लेकर पहुँचे थे। इस दौरान कई गांवों से एक दर्जन मामले सामने आए, जिनमें से कई मामलों को दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से निष्पादित किया गया, जबकि बाकी मामलों को अगले जनता दरबार में बुलाया गया।

### प्रशिक्षण केंद्र में सुविधाओं का अभाव



**गिद्धौर।** प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रशिक्षण का केंद्र बना हुआ है, जहाँ जिले के सभी प्रखंडों से स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सेविका सहिया को 11:00 बजे से प्रशिक्षण शुरू होना था, लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण सेविका सहिया 12:00 बजे तक इधर-उधर टहलती रहीं। सेविका सहिया ने बताया कि अंदर बहुत गर्मी है, जिससे प्रशिक्षण में देरी हो रही है। प्रशिक्षण के लिए आई सेविका सहिया ने बताया कि उन्हें प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्हें कोई सुविधा नहीं दी गई। उन्हें बैठने के लिए जगह नहीं मिली और न ही पीने के लिए पानी मिला। रांची से आए डॉ सुशांत अग्रवाल और उज्जवल कुमार राय ने सुविधाओं के अभाव पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर सुविधाएँ होतीं, तो प्रशिक्षण समय पर शुरू हो सकता था। प्रशिक्षण में, सिएचओ को लोगों को जोड़ने और उन्हें उनके काम के बारे में जानकारी देने के बारे में बताया गया। लगभग 96 सिएचओ ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

### आठवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा शुरू

**कोडरमा।** जिले में आठवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गया है। पहले दिन प्रथम पाली में 398 परीक्षार्थियों में से 107 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 291 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 390 परीक्षार्थियों में से 293 उपस्थित और 97 अनुपस्थित रहे। गौरतलब हो कि कक्षा 8वीं बोर्ड की विशेष परीक्षा को लेकर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### जनता दरबार में छात्रों ने छात्रावास की समस्याओं से अवगत कराया



**चतरा।** अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने अपर समाहर्ता से मिलकर छात्रावास में सुविधाओं के अभाव से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें बाउंड्री वॉल न होने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जाना, पानी, शौचालय, छत का रिसाव, लाइब्रेरी और खेल सामग्री की कमी जैसी समस्याएं शामिल हैं। अपर समाहर्ता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच कर प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, अबुआ आवास, राशन कार्ड, शौचालय, चापानल, बैंक, तालाब जीर्णोद्धार से संबंधित समेत अन्य मामले भी सामने आए। अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिया और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा भी जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें वे आमजनों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करते हैं।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में शिक्षण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर 7 दिनों तक अलग-अलग गतिविधियां संचालित की गई। इसमें टीएलएम डे, एफएलएन डे, स्पोर्ट्स डे, कल्चरल डे, स्किल एंड डिजिटल इनीशिएटिव डे, इको क्लब के द्वारा मिशन लाइफ प्रोग्राम ऑर्गेनाइज किया गया। इसके अलावा कम्युनिटी इंवॉल्वमेंट डे जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। अलग-अलग दिनों में बच्चों के द्वारा अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की गई। स्पोर्ट्स डे पर कैरम, टेबल टेनिस, चेस, रस्सी कूद जैसी प्रतियोगिताएं की गयी। वहीं कल्चरल रैपर बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने बैनर, पोस्टर बनाकर पर्यावरण, जल संरक्षण का महत्व बताया। बच्चे हाथों में पोस्टर लेकर मोहल्ले की कई गलियों का भ्रमण किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा सप्ताह के तहत शिक्षा से संबंधित कई गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से छात्रों का आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है उन्हें एक दूसरे के करीब आने का मौका भी मिलता है। पूरे कार्यक्रम में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, रूटिंग इंचार्ज दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, अभिलाषा सिंह, कुंतल जेठवा, आशुतोष गौतम, चंदन पांडेय, अनमोल रतन, पायल सिंह, कुंदन राणा, पवन ठाकुर, किशोर कुणाल, सुजीत प्रताप, शशि राज समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### संगठन विस्तार हेतु चंद्रवंशी समाज की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया विद्यापुरी में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक की गई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश महामंत्री चंद्रवंशी दीपक नवीन ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय ऐसा है कि समाज के एकता में ही बल है, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से अगर हमारा समाज एक नहीं दिखेगा तो राजनीतिक पार्टियों अपना उल्लू सीधा कर लेंगे और हमारा समाज जिस तरह से आज पीछे रह गया वैसा ही रह जाएगा। हम सभी की यह प्रथम जिम्मेवारी है कि समाज को संगठित कर अपने समाज के लोगों के परेशानियों को हल करें और पूरे झारखंड में अपने समाज के लोग एक माला में बां क यह साबित करें कि हमारा समाज अब हर क्षेत्र में आगे हो गया है। चाहे शिक्षा हो, सामाजिकता हो, चाहे राजनीतिक हो। वहीं जिला महामंत्री अभिषेक चंद्रवंशी ने कहा कि जिला चंद्रवंशी समाज को संगठित करने का हर वह प्रयास किया जाएगा। हमारा चंद्रवंशी समाज कोडरमा जिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। इस कार्य के लिए पूरे जिले में बैठक एवं संगठन विस्तार किया जा रहा है। बैठक में पवन चंद्रवंशी, इंदरवा समाज संरक्षक राजकुमार राम, दीपक चंद्रवंशी, गौतम चंद्रवंशी, रौशन चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, सुजीत चंद्रवंशी, छोटू चंद्रवंशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जैरागी की महिलाओं ने मुखिया पर लगाया अबुआ आवास में गडबड़ी का आरोप

डुमरी। डुमरी प्रखंड के जैरागी पंचायत की महिलाओं ने अबुवा आवास में गडबड़ी को लेकर मुखिया रेखा मिंज के खिलाफ बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें गलती से मुखिया रेखा मिंज के स्थान पर मुखिया इग्नासियुस मिंज का नाम छप गया था। जिसमें मुखिया इग्नासियुस मिंज के खिलाफ किसी तरह का विरोध नहीं किया गया है। उनके क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है। पूरा मामला जैरागी पंचायत का है। जिसमें महिलाओं ने मुखिया रेखा मिंज पर योजनाओं में गडबड़ी का आरोप लगाते हुए बीडीओ से जांच कर कार्रवाई की मांग की थी।

### कनक ज्वेलर्स गोलीकांड़ को लेकर एसपी से मिले चेंबर सदस्य



गुमला। शहर के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड की घटना को लेकर मंगलवार को चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी व सदस्य एसपी शंभू कुमार से मुलाकात की। इस दौरान शहर में बढ़ते चोरी की घटना व अपराधिक गतिविधियां पर अंकुश लगाने की एसपी से मांग की गयी। चेंबर सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार की घटना से व्यापारियों तथा आम जनता में काफी भय का वातावरण बन चुका है। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स इस प्रकार की घटना की कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करती है। वहीं कनक ज्वेलर्स गुमला में घटित गोलीकांड में संलिप्त अपराधियों की आज रात्रि 8 :00 बजे तक यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो विवश होकर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला द्वारा 31 जुलाई को गुमला के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए, बस एवं परिवहन से संबंधित अन्य सभी वाहनों को रोकते हुए सड़क जाम भी किया जाएगा। एसपी से मिलने वालों में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, पदम साबू, मो सब्बू, हिमांशु केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू, आनंद गुप्ता, मनीष गुप्ता, राहुल केशरी, अमित मंत्री गोलु, अमन आनंद एवं अन्य मौजूद थे।

### शास्त्रीनगर स्थित शिव-महावीर मंदिर में भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन



गुमला। गुमला शहर के शास्त्रीनगर स्थित शिव–महाबीर मंदिर में श्रावण मास पर भव्य भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक के साथ गंगाजल, शहद, धतूरा, बेलपत्र, किशमिश एवं खीर का भोग लगाकर पूजा अर्चना किया गया तथा बजरंगबली की विधिवत पूजा अर्चना कर अपने परिवार, मुहल्ले एवं जिले में सुख शांति की कामना की गयी। रंजित राय एंड ग्रुप भजन मंडली के द्वारा एक से बढ़कर एक भोजपुरी–नागपुरी एवं हिंदी भजन प्रस्तुत किया गया। मौके पर भोला प्रसाद, लक्ष्मीनारायण प्रसाद, मुरारी प्रसाद, जगेश्वर कुमार, अशोक मंडल, सुमन यादव, राकेश कुमार, दीपक सिन्हा, विनय गोप, हेमलता देवी, आरती, पुनम व कई लोग उपस्थित थे।

### भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल घाघरा में ग्रीन डे का आयोजन



घाघरा। घाघरा के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में मंगलवार को ग्रीन डे का आयोजन किया गया। ग्रीन डे समारोह में विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि ग्रीन डे या हरित दिवस मनाने का मकसद पृथ्वी के बारे में जागरूकता फैलाना और हरियाली को बचाना है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित किया गया। जैसे स्कूल के बगीचे में पौधे लगाना, मिट्टी में बीज बोना, हरे रंग के कपड़े पहनना, लंच बॉक्स में हरी चीजें ले जाना आदि शामिल था। जिससे बच्चे पर्यावरण और हरित क्रांति का महत्व समझ सके। प्री नर्सरी, नर्सरी, प्रेप के छात्र और शिक्षक सुंदर हरे रंग के परिधान पहनकर स्कूल आए और पर्यावरण के अनुकूल दिख रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश पांडेय, शिवम मिश्रा, शशि भूषण गोस्वामी, सोनी, संध्या भास्कर, नूतन सिंह, नेहा साहू, निशा, सपना, सुभद्रा देवी, जूही, प्रीति गुप्ता, संध्या कच्छप, प्रियंका सिंह, कविता पांडेय, सारिका साहू, किरण, फुलेश्वरी सिंह, प्रियंका सहाय, ज्योति देवी का सहयोग रहा।

### खरीफ फसल पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



घाघरा। आत्मा कार्यालय परिसर घाघरा में मंगलवार को खरीफ फसल पर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख सविता देवी शामिल हुई। कार्यशाला में उपस्थित कृषक मित्र और किसानों को विस्तृत जानकारी कृषि वैज्ञानिक सुनील कुमार ने दिया। बीटीएम नीरज कुमार द्वारा कई अन्य योजना से संबंधित जानकारी दिया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आप सभी किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर उपज को बढ़ाएं अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। इस मौके पर कृषक मित्रों में अमित सिंह,घुड़ा उरांव, श्याम साहू, मनोज सिंह, फ्रांसिस जेवियर लकड़ा सहित कई कृषक मित्र उपस्थित थे।

### मुखिया ने ग्रामीणों को किया जागरूक

डुमरी। डुमरी प्रखंड के जुरमू पंचायत के मुखिया इग्नासियुस मिंज द्वारा अबुवा आवास के बारे में लाभुकों को विशेष रूप से जानकारी दिया गया। उन्होंने आवास को किसी दूसरे को नहीं देना की बात लाभुकों से कही। साथ ही किसी को भी आवास योजना के लिए पैसे नहीं देने की बात कही। कार्यक्रम में जुरमू मुखिया इग्नासियुस मिंज,स्वयं सेवक कुंदन सिंह, अलेन पंकज टोप्पो, कठगांव के प्रधान सुमन बेग,धनंजय सिंह उपस्थित थे।

**डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला योजना समिति के कार्यकारिणी की बैठक में कहा**

# नयी योजनाओं की कामों में तेजी लाये : उपायुक्त

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला योजना समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं, एसएसीए से नई ली गई योजनाएं और नीति आयोग द्वारा प्रदत्त पुरस्कार राशि से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। एससीए की नई योजनाओं में पेशरार में कालीन बुनाई प्लांट को सुचारू रूप से संचालित करने व उत्पादन करने के लिए जेएसएलपीएस की महिला स्वयंसहायता समूह को प्रशिक्षण दिये जाने का निर्देश चयनित एजेंसी को दिया गया। किस्को के तिसिया में ब्रिकेटिंग प्लांट में उत्पादन व संचालन हेतु बनाये गये समिति की मॉनिटरिंग करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही, 10 दिन के अंदर प्लांट में संधारित पत्तों का ब्रिकेटिंग के रूप में उत्पादन प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। किस्को प्रखंड में दोना-पत्तल उद्योग में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा से समन्वय करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। कुडू प्रखण्ड के कौआखाप में सरसो तेल उत्पादन प्लांट में विद्युत कनेक्शन के लिए संबंधित उत्पादन समिति की ओर से प्रस्ताव अगले पांच दिनों के अंदर कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, अरूण सिंह, आकाश सिंह, एडीपीओ अभिनीत सूरज, पीपीआइए फेलो हेमलता बजाज व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



**क्या है योजना**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिये राज्य के 21 से 50 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये सरकार के तरफ से दिए जायंगे। लाभुकों को इस योजना के लाभ के लिए 3 से 10 अगस्त 2024 तक विशेष कैम्प लगाया जायेगा। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी फॉर्म नि:शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी और पंचायत स्तर पर अगस्त माह में लगाये जाने वाले शिविर के बारे बताया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन वृहत रूप से कराएं। साथ ही अन्य योजनाओं यथा केसीसी आदि का भी लाभ इसमें ग्रामीणों को दिया जाए। शिविर से पूर्व ही योग्य लाभुकों को आवेदन फॉर्म उपलब्ध करा दिया जाय ताकि शिविर के दिन लाभुक उसे पूर्ण रूप से भरकर जमा कर सकें। बीडीओ यह सुनिश्चित करें कि आवेदन सही समय पर अपलोड कर दिया जाय।

# कनक ज्वेलर्स में अपराधियों ने घूसकर की फायरिंग, दुकान संचालक जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता





गुमला। गुमला शहर के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में मंगलवार को हथियार बंद अपराधियों ने लूटपाट के उद्देश्य से दुकान में गोलीबारी की। इस घटना में ज्वेलर्स दुकान के संचालक प्रकाश सोनी की जान बाल-बाल बच गयी। अपराधियों की गोली से उनके बायें हाथ की अंगुली जख्मी हो गया। जबकि एक गोली उनके पेट को छेदते हुए निकल गयी। इधर घटना के बाद कनक ज्वेलर्स के बाहर लोगों की भीड़ लग गयी। घटना के संबंध में घायल ज्वेलर्स दुकान संचालक प्रकाश सोनी ने बताया कि हर दिन की तरह दुकान खोलकर वे बैठे थे। दुकान के स्टाफ भी अपना काम कर रहे थे। इस दौरान वे चाय पी रहे थे। इसी बीच दो युवक दुकान में आये और सबों को चुप रहने की बात कहते हुए मेरी ओर पिस्तौल दान दी। पिस्तौल ताने देख मैंने अपराधी का हाथ पकड़ लिया और उसके मुंह में चाय फेंक दिया। इस दौरान छीना झपटी में पिस्तौल से गोली चल गयी जो मेरे एक हाथ की अंगुली में लगते हुए दुकान के फर्श में धंस गया। इसके बाद अपराधी भागने लगा तो चाय की प्याली उसके सिर पर मारा लेकिन वह भाग निकला। वहीं एक अन्य अपराधी ने मुझ पर निशाना साधते हुए फायर कर दिया। गोली मेरे पेट को छेदकर बाहर निकल गयी। ज्वेलर्स मालिक प्रकाश सोनी ने कहा कि अपराधी लूटपाट के उद्देश्य से आये था या मुझे मारने यह पता नहीं चल पाया। घटना को कुल पांच अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया।

**जल्द होंगे गिरफ्तार: एसपी**

इधर घटना के बाद एसपी शंभू कुमार सिंह व एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव कनक ज्वेलर्स दुकान पहुंचे। मौके पर एसपी ने कहा कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# पुलिस जवान अभिषेक उरांव की गोली मारकर की गयी है हत्या

**घटनास्थल से पुलिस ने बरामद किया पांच खोखा**

**सड़क दुर्घटना मान रही थी पुलिस, जांच के बाद हुआ मामले का खुलासा**



सोमवार को नेतरहाट निवासी अभिषेक उरांव की हत्या मामले को प्रथम दृष्टि पुलिस के द्वारा सड़क दुर्घटना बताया गया था। परंतु जांच के दरम्यिान ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि घटना के समय नेतरहाट घाटी में लगभग 5 से 6 राउंड गोली चलने की आवाज सुनाई दी है। जिसके बाद पुलिस मामले को गहनता से छानबीन करने लगी तो घटनास्थल से खोखा बरामद किया गया। वहीं शव में भी पांच गोली लगने का निशान पाया गया। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि अभिषेक उरांव की गोली मारकर हत्या की गई है।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। बिशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट घाटी में सोमवार की शाम नेतरहाट निवासी पुलिस जवान अभिषेक उरांव की अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटनास्थल से पुलिस ने पांच खोखा भी बरामद कर लिया है। अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच में पुलिस जुट गयी है। जानकारी के अनुसार अभिषेक मूलत बिशुनपुर प्रखंड के टीटीही गांव का रहने वाला था। परंतु वह नेतरहाट में घर बनाकर रह रहा था। अभिषेक वर्तमान में साहिबगंज जिला में पुलिस जवान के पद पर पदस्थापित था। जहां से वह छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। सोमवार को अभिषेक अपने घर से लोहरदगा जाने के लिए एक बाइक में सवार होकर निकला था। जहां से लौट के क्रम में वह बनारी में रूक कर साप्ताहिक हाट से अपना जरूरी का सामान खरीद कर नेतरहाट वापस जा रहा था। इसी दौरान जोहन डेरा के पास अपराधियों ने अभिषेक उरांव के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर पांच गोली मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। अभिषेक उरांव नेतरहाट में जमीन का कारोबार भी करता था। इसी क्रम में अभिषेक ने कई ऐसे लोगों का जमीन को खोज कर निकाला था। जिसका किसी कारणवश पेपर में त्रुटि थी ठो ठीक कर करवाता था। संभवत घटना का मुख्य वजह जमीन विवाद भी हो सकता है।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने को लेकर बीडीओ ने दिये निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंडरा प्रखंड के बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। जिसमें 25 जुलाई को मतदाता सूची प्रकाशन के के बाद 25 अगस्त तक संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड के बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 24 मतदान केंद्र आते है। जिसमें 19 मतदान केंद्र का मतदाता प्रतिशत विगत विधानसभा चुनाव 2019 व लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत 20 प्रतिशत मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसको लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा कारण पूछा गया है। जिसमें संबंधित बीएलओ कारण स्पष्ट करे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ मतदाता रजिस्टर का संधारण करना सुनिश्चित करे।

## ग्राम भ्रमण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी पहुंचे खेत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को विद्या भारती के योजना के अनुसार ग्राम भ्रमण कराते हुए खेतों में ले जाया गया। जहां विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से पेड़ पौधे, फसलों के प्रकार, मिश्रित खेती, औषधीय पौधों का पहचान एवं उनके उपयोग की जानकारी प्राप्त किया। साथ में शिक्षको ने भैया बहनों को पेड़ पौधों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के किसान बिक्रम महतो ने मिश्रित खेती लगाने का तरीका एवं उसके लाभ को बताया। मिश्रित खेती के बारे में अपने खेतों में लगे हल्दी, फूलगोभी एवं करेला के फसल को दिखाते हुए उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया।

विदित हो 25 जुलाई से 2 अगस्त तक चल रहे विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत प्रत्येक दिन निर्धारित कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके अंतर्गत भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में विस्तार पूर्वक जीवनी, कृतित्व एवं उनकी उपलब्धि के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके तहत पिछले रविवार को विद्यार्थियों ने मां के नाम एक पेड़ लगाने की प्रधानमंत्री की योजना को साकार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में करने से भैया बहनों के मन में वैज्ञानिकों के प्रति श्रद्धा भाव जगेगा।

### 144 छात्र-छात्राओं के बीच हुआ साइकिल का वितरण



भंडरा। भंडरा प्रखंड में मंगलवार को कल्याण विभाग के तत्वावधान में उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत भंडरा प्रखंड के 144 छात्र–छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पहुंची बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के सरकारी विद्यालय के 144 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा उन्नति का पहिया कार्यक्रम सराहनीय है। छात्र–छात्राओं के बीच साइकिल वितरण से उन्हें स्कूल तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को साइकिल की देख–रेख व रोजाना विद्यालय आने तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने को लेकर प्रेरित किया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी वीणा कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति की पहिया के तहत छात्र–छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। भंडरा प्रखंड में 917 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया जाना है। जिसकी शुरूआत अब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड के मध्य विद्यालय भंडरा, उदरंगी, मसमानो व उत्क्रमित विद्यालय कुम्हारिया के 144 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया परमेश्वर महली, सीआरपी महावीर साहू सहित अभिभावक मौजूद थे।

### जेएमएम ने धरना प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ किया आक्रोश व्यक्त

लोहरदगा। सदन में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठी पर करवाई का मांग करते हुए झारखंड और बंगाल के कुछ भाग को मिलाकर केंद्र शासित प्रदेश बनाने वाले बयान पर झारखंड में राजनीति तेज हो गई है। इसे लेकर जेएमएम ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जेएमएम जिला कमिटी द्वारा जिला मुख्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया है। जेएमएम जिला अध्यक्ष ने कहा भाजपा के नेताओ द्वारा लगातार झारखंड को तोड़ने वाली बयानबाजी हो रही है इसे बर्दास्त नही किया जायेगा आने वाले चुनाव में जनता इसका जवाब वोट से देगी। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा झारखंड भीख में नही मिला है इसे हमारे पूर्वजों ने लड़ कर लिया है झारखंड को तोड़ने वालो के खिलाफ हमारा आक्रोश है भाजपा लगातार झारखंड के मुख्यमंत्री को नीचे दिखाने में लगी हुई है भाजपा को हमलोग चेतावनी देते हैं अगर इस तरह से फिर से बयानबाजी हुई तो हमलोग सड़क से लेकर सदन तक प्रदर्शन करेंगे।

### बाइक और स्कूटी की सीधी भिंड़त में दो गंभीर

लोहरदगा। सदर थाना क्षेत्र के नदिया–जुरिया पथ में जुरिया गांव के समीप मंगलवार अपराह्न मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में रेफर कर दिया। घायलों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव निवासी अलीम अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र राजमिस्त्री अब्दुल कादिर और सेन्हा थाना क्षेत्र के दतरी गांव निवासी परमेंद्र उरांव के 20 वर्षीय पुत्र पुष्पेंद्र उरांव के रूप में हुई है। अब्दुल कादिर मोटरसाइकिल से बीएस कॉलेज की ओर जा रहा था। तभी लोहरदगा से बीएस कॉलेज होते हुए दतरी जा रहे पुष्पेंद्र उरांव की स्कूटी के साथ जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक और स्कूटी की धज्जियां उड़ गई है।

## जुलूस निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में मनरेगा कर्मियों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ जिला ईकाई गुमला का अनिश्चितकालीन हड़ताल नौवें दिन भी जारी रहा। सदस्यों के द्वारा जुलूस निकाल कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। जुलूस में झारखंड सरकार हाय हाय आदि नारे लगाते हुए हड़ताली स्थल से पुराना समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय, डीसी कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। जिला सचिव निर्मल उरांव ने कहा कि हड़ताल से जिले में मनरेगा का काम ठप्प हो गया है। हड़ताल से घबराकर सरकार के सचिव के श्री निवासन ने बुलाया है। धरना में संदीप उरांव, मुरत यादव, जस्मीन केरकेट्टा, वेवी, अजय लकड़ा, हरीश, कांति, अभिषेक, संदीप, बिष्णु, सुमित, रंजीत, राजीबेलस, सोफिया फिरदौस आशिस, तरुण कार्तिक, सतीस, अबसेलेम समीर, जितु, रामेश्वरी, स्नेहा, सुष्मिता नंदा, सरस्वती, पूजा, बेला, रीना, बीनाकांती, संतोष मिंज, कार्तिक लोहारा, संजय, समीर, शंकर, रामजीवन, दानियाल, परमानंद, विजय, निलम, ललित महतो, लालचंद, श्यामलाल राम, निरंजन, रविन्द्र, अनिल, रंजीत, रामनाथ, तपन, जीतू आदि उपस्थित थे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

खबर मंत्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी नाकाबंदी शुरू कर दी है। पुलिस अधिक्षक शंभु सिंह के आदेशानुसार चैनपुर पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को थाना के समीप सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें आने जाने वाले सभी छोटे बड़े गाड़ी की गहनता से तलाशी ली गई। वहीं बड़े गाड़ियों के डिक्की की जांच की जा रही थी। वहीं दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि कागजों का जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी चलता रहेगा। सभी वाहन चालक जब घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें नशापान कर गाड़ी नं चलाएं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला उपायुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन, लोगों ने रखी अपनी समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से आए रहे लोगों को देखते हुए उपायुक्त के दिशा निर्देश पर ई -जन शिकायत का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के दूर दराज में रहने वाले नागरिक अपने नजदीकी ब्लॉक ऑफिस में जाकर ऑनलाइन मध्यम से अपनी शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रख सकते हैं। इसी क्रम में उपायुक्त के द्वारा आम नागरिकों से मिलने से पूर्व उन्होंने ई जन शिकायत का आयोजन किया। जिसमें जारी एवं चैनपुर प्रखंड के लगभग 10 आवेदकों ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के मध्यम से उपायुक्त से मुलाकात की एवं उनकी शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसमें मुख्य समस्या राशन एवं सड़क की थी। आगामी माह में इस प्रकार से विभिन्न प्रखंडों में ई जन शिकायत का आयोजन किया जाएगा। वहीं आज जन शिकायत निवारण दिवस में लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने की उपायुक्त से मुलाकात की। जिसमें गुमला के बसुआ अम्बाटोली निवासी फूल कुमारी ने अपने आवेदन के माध्यम से कहा कि उनका कस्तूरबा गांधी विद्यालय में चयन हो गया था। परंतु कुछ कागजी करवाई के कारण उनका एडमिशन नहीं हो पा रहा है एवं उन्होंने उपायुक्त से सहयोग की मांग की। जिसे देखते हुए उपायुक्त ने तुरंत जिला शिक्षा पदाधिकारी को कॉल करते हुए फूल कुमारी की सहायता करने के निर्देश दिया एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक के सहयोग से फूल कुमारी का आज ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिशुनपुर में नामांकन हो गया। गुमला के घटगांव निवासी सावित्री देवी ने अपने आवेदन में कहा कि उनके बड़े पुत्र का अनुकंपा के आधार पर चैनपुर प्रखंड में नियुक्ति हुई थी। परंतु कुछ दिनों से बड़े पुत्र के द्वारा घर का खर्च देने से इंकार किया जा रहा है एवं पैसा मांगने पर उनपर हाथ उठाना एवं गाली गलौज किया जा रहा है।

सावित्री देवी ने उपायुक्त से अपने पुत्र के सैलरी से कम से कम आधा हिस्सा घर के खर्च के लिए देने हेतु सहयोग की मांग की। उपायुक्त ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति है तो विधिवत कार्रवाई अवश्य होगी। उन्होंने स्थापना शाखा को पत्र अग्रसित करते हुए आवश्यक कारवाई हेतु निर्देश दिया।

# हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ 13 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा करेगा धरना और प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। भाजपा जिला कार्यालय बक्सी डिप्पा लोहरदगा में भाजपा जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 13 अगस्त को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के शासनकाल में महिलाओं पर हो रहे शोषण अत्याचार दुष्कर्म और हत्या के विरोध में समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर एवं प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री मंजूलता दुबे उपस्थित थी। मौके पर आरती कुजूर ने वर्तमान झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन से झारखंड की महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, दुष्कर्म एवं हत्या के कारण महिलाओं में भय का वातावरण बन गया है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के शासनकाल में जिस तरीके के घटनाएं महिलाओं खासकर आदिवासी महिलाओं के साथ हो रही है। उसको लेकर राज्य भर में महिला मोर्चा के माध्यम से जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम 13 अगस्त को आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले की महिलाओं को आह्वान किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आधी आबादी जो महिलाओं की है उसे लेकर केंद्र सरकार ने 33% का आरक्षण देने का संसद में कानून पास किया है। उसके बावजूद हेमंत सरकार के द्वारा महिलाओं को किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है ऊपर से महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों के माध्यम से महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार की घटनाएं सुर्खियों में है। बैठक को प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री मंजूलता दुबे, जिला अध्यक्ष कलावती देवी, शमेला भगत, संगीता कुमारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में मीना बाखला, भारती सिन्हा ,बुधन देवी, निर्मला देवी, सरिता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, ममता देवी, कमला देवी आदि उपस्थित थी।

स्पीड न्यूज

## सात कावरियां देवघर के लिए हुए रवाना


देवघर रवाना होते भक्त।

**बेतला।** विश्व प्रसिद्ध देवघर स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक और पूजा अर्चना को लेकर बरवाडीह प्रखंड के कुटमु सरइडिह से सात लोगों का पहला जत्था मंगलवार को कुटमु स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर रवाना हुए, रवाना होने से पूर्व बेतला पंचायत निवासी बिजली विभाग में हेड लाइनमैन रामजी यादव के द्वारा अजय सिंह, प्रमोद यादव, आशीष प्रसाद, डॉ अमरेश विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह, दीपक यादव, गुड्डू सिंह, को अंग वस्त्र देखकर हौसला अफजाई किया गया, एवं खुशी-खुशी से विदा किया गया, मौके पर बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह,आवास मित्र उमेश रजक, लक्ष्मी प्रसाद, भगवान प्रसाद, उमेश प्रसाद, समेत कई लोग मौजूद थे।

## कुएं में डूबने से बच्चे की मौत

**चंदवा।** शहर से सटे चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत डेम टोला निवासी प्रदीप राम के 5 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मासूम बच्चे की असामयिक मौत के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है व रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार चंदवा के ख्रीस्त राजा विद्यालय का छात्र है, सोमवार की दोपहर बाद स्कूल छुट्टी होने के बाद प्रिंस के पिता बच्चों को स्कूल से लेकर घर पहुंचा, खाना खाने के बाद वह बच्चे को टोरी रेलवे फाटक के पास पत्नी के फुटपाथ दुकान में छोड़कर काम के लिए चला गया, इसी दौरान प्रिंस खेलते खेलते घर पहुंच गया व खेल के दौरान ही कुएं में गिर गया। काफी देर तक प्रिंस को नही देख माता व परिवार के लोगो ने खोजबीन की पर कहीं कुछ पता नही चला, रात्रि करीब 10 बजे गांव के लोगो ने घर के पीछे स्थित हुए में जांच पड़ताल की तो बच्चा कुएं में मृत मिला।

## माकपा नेता के पिता के निधन पर शोक

**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता रसीद मियां के पिता क्यामुददीन मियां 70 वर्ष का निधन रांची में इलाज के दौरान हो गया। कयामुद्दीन मियां के निधन पर पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया है। बता दें कि मंगलवार की अहले शुबह करीब चार बजे के बीच उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी, इसे तुरंत स्थानीय सीएचसी ईलाज के लिए लाया गया, लेकिन वह बच नहीं पाए। इनके निधन की खबर सुनते ही पुरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में राज्य कमिटि सदस्य सह लातेहार जिला प्रभारी संजय पासवान, वरिष्ठ नेता और कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, कामता ग्राम प्रधान पचु गंझु, मनु उरांव, कमल गंझु, सनिका मुंडा, बैजनाथ ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, निरंजन ठाकुर, नंदलाल ठाकुर, परवेज खान, जितन गंझु, रमजान सांइं चिस्ती, साजीद खान समेत कई लोग शामिल हैं।

## चंदवा: विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

**चंदवा।** शिक्षा का मंदिर कही जाने वाली विद्यालय में भी इनदिनों चोर चोरी की घटना को अंजाम देने से बाज नही आ रहे हैं। ताजा मामला एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग किनारे स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पन्नाटांड से आया है, जहां पाकशाला का ताला तोड़कर अज्ञात चोरी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पूरी घटना बीते 27 या फिर 28 जुलाई की रात्रि को अंजाम दिया गया है, सोमवार 29 जुलाई की सुबह विद्यालय खुलने के बाद बच्चों एवं शिक्षकों ने पाकशाला का ताला टूटा देखा, जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने इसकी सूचना चेटर पंचायत के मुखिया दी व पाकशाला की जांच की तो पाकशाला से 3 गैस सिलेंडर गायब मिले। इधर मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने चंदवा थाना को लिखित आवेदन देते हुए चोरी की घटना में संलिप्त चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि लगभग 15 दिनों पूर्व भी नेवाड़ी स्थित विद्यालय से इसी प्रकार की चोरी की घटना हो चुकी है।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारा, दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ टंडवा पथ पर आरा ग्राम के 9 नंबर काटा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें दीपक कुमार 28 वर्ष पिता दुलार साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ, एवं राजेश उराव 30 वर्ष पिता भौरा उराव ग्राम डुमारो थाना मैक्लुस्कीगंज गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक बाइक में सवार होकर आरा ग्राम से मैक्लुस्कीगंज जा रहे थे तभी 9 नंबर काटा के पास एक ट्रक ने दोनों मोटरसाइकिल सवार यूवको को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## जलमिनार के साथ लगे चापानल तीन माह सें खराब, ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा के बघौता टोला मे जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सोलर जलमिनार के साथ लगाये गए चापानल पिछले तीन महीनों सें खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों की पेयजल परेशानी हो रही है। ग्रामीण राजु कुमार रवि, मोहन कुमार रवि, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, सुषमा देवी सहित अन्य ग्रामीणों नें बातया की सोलर जलमिनार के साथ लगे चपानल खराब होने के कारण हमलोगो को पानी पीने मे परेशानी हो रही है। गर्मी के दिनों मे सोलर जलमिनार सें ही अपना पेयजल एवं दैनिक कार्य पूरी कर लेते थे। लेकिन अभी बरसात मे पानी आना बंद हो गया है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को बरसात के मौसम मे कुछ दूर जाकर एक दूसरे के कुएँ सें दूषित पानी लाकर पीना पड़ रहा है। बरसात मे कुएँ के दूषित पानी पीने सें बच्चों के साथ साथ हम सभी बीमार पड़ते रहते है। यहां पर 9 घरो मे लगभग 25 परिवार रहते है। जो यही जलमिनार तथा चपानल के सहारे आश्रित रहते है। वही ग्रामीणों नें उपायुक्त सें जलमिनार के साथ मे लगाए गये चपानल को दुरस्त करवाकर पेयजल बहाल करने की मांग की है।


खराब जलमिनार।

## बारियातू : बज्रपात से तीन मवेशीयों की मौत

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम निवासी कईल लोहरा के दो गाय की बज्रपात से मौत हो गई। इधर भरत लोहरा ग्राम बनवार के टोला पंकुरवा निवासी की भी एक बैल का बज्रपात से मौत हो गया। पीड़ित कइल लोहरा ने बताया की मंगलवार दोपहर के आसपास अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और कड़क मलक के साथ तेज बारिश होने लगी। बारिश बचने के लिए दोनों गाय जा रहे थे की अचानक बज्रपात हो गया जिससे दोनों गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर बनवार पंकुरवा ग्राम निवासी भरत लोहरा का भी बैल की बज्रपात से मौत हो गई।

# शहरी जलापूर्ति योजना में भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

- निम्न स्तर के सरिया लगाए जाने का ग्रामीण कर रहे है विरोध
- सात माह से बकाया मजदूरी भुगतान कराने की मजदूरों ने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मुरू ग्राम में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत करोड़ो रुपए की लागत से बन रहे टंकी निर्माण में बकाया मजदूरी की मांग एवं निम्न स्तर का सरिया लगाने का ग्रामणों ने मंगलवार को निर्माण स्थल में जमकर विरोध किया। जिसके उपरांत योजना स्थल पर निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे विभागीय कनीय अभियंता पियूष रंजन ने निम्न स्तर के सरिया को तत्काल हटाने के निर्देश निर्माण कार्य करवा रहे साइड इंचार्ज को दिया है। ग्रामीणों के विरोध के कारण टंकी निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड मुख्यालय समेत अन्य पांच पंचायतों में शहरी जलापूर्ति योजना मद से करोड़ो रुपए की लागत से टंकी एवं पाइप लाइन बिछाने है। इसी के तहत मुरु ग्राम में टंकी का निर्माण संबंधित संवेदक द्वारा कराया जा रहा था। इससे पूर्व संवेदक द्वारा योजना के शुरूआत में कोयल नदी किनारे लंका ग्राम में टंकी निर्माण कराया गया है।जिसमें कई मजदूर, ट्रैक्टर मालिक समेत अन्य लोगो का मजदूरी व अन्य मद का पैसा बकाया है। जिसका भुगतान किए बिना संवेदक द्वारा मूरु ग्राम में टंकी निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही राजेश्वर यादव, मुन्ना यादव, गुडु पाल, पूर्व साइड इंचार्ज मंटू सिंह, शिवपूजन कुमार और ट्रैक्टर मालिक हुलास कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग जमा होकर अपनी सात माह का बकाया मजदूरी राशि की भुगतान कराने की मांग कर रहे थे। मजदूर राजेश्वर यादव, मंटू सिंह आदि ने कहा कि हमलोगो को आजकल भुगतान करने का बार-बार आश्वासन देकर 7 माह से हम लोग को मजदूरी भुगतान नहीं किया गया। जिससे हम सभी लोगो के समक्ष भुखमरी की स्थिति कायम हो गया है। वही हम लोगो को भुगतान किए बगैर गुप चुप तरीके से दूसरे साइड में काम शुरू कर दिया गया है। बिना हम सभी का बकाया भुगतान किए बिना हम सभी काम शुरू नही होने देंगे। एकाम रोकवा कर बकाया मजदूरी भुगतान होने तक काम शुरू नही करने को लेकर मजदूर जमे हुई थे। वहीं जेई पियूष रंजन ने निम्न स्तर के सरिया हटाने गुणवत्ता वाले सरिया लगाने के बाद ही काम शुरू करने का निर्देश साइड इंचार्ज को दिया है। जेई रंजन ने कहा कि सोमवार को साइड पर नहीं आने के कारण निम्न स्तर का सरिया लगा दिया गया।जिसे हटा कर ही पुनः काम शुरू किया जायेगा। वही साइड इंचार्ज आसिफ खान ने कहा कि मामले की सूचना मलिक को दे दी गई है। जल्द ही सभी लोगो का बकाया भुगतान कराया जायेगा।


शहरी जलापूर्ति योजना।

# हजारीबाग में 200 ट्रकों को असामाजिक तत्वों ने बनाया बंधक, प्रत्येक ट्रक से रंगदारी पांच हजार रूपये की मांग

- ट्रकों को मुक्त नहीं किया जाएगा तो बाध्य होकर मगध कोलियरी से लाभान्वित ट्रक मालिक अपने-अपने क्षेत्र में हजारीबाग रजिस्ट्रेशन की गाड़ियों को रोक देगे

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते ट्रक मालिक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी से कोयला लोड कर विभिन्न स्थानों जैसे रेलवे साइडिंग एवं फैक्ट्री जा रहे ट्रकों को हजारीबाग में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा रोककर बंधक बना लिया गया है। जिससे उनका माइनिंग पेपर फेल हो गया है। जिसको लेकर ट्रक मालिकों ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन देकर बताया है कि करीब 200 ट्रकों को बीते रविवार को समय लगभग 7:00 बजे हजारीबाग के सुल्ताना के आसपास कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रोक कर रंगदारी की मांग करते हुए ट्रकों का अपहरण कर अन्यत्र ले जाया गया। जिसमें अहमद खान उर्फ राजा खान मोबाइल नंबर 95082 89037, प्रभात सिंह कवालु, प्रकाश साहू कवालु, प्रदीप कुमार साव, विवेक राम, उमेश गुरु शिवपुरी हजारीबाग एवं अन्य 20 से 25 अज्ञात लोग शामिल है। इन लोगो द्वारा ड्राइवर को धमका कर मारपीट करते हुए ट्रक को हजारीबाग के रास्ते सुल्ताना के आसपास से अपहरण कर महुडर मोड़ से कहीं ले जाकर ड्राइवर के साथ मारपीट किया और उनका नगद पैसा और मोबाइल लूट लिया। दो-तीन घंटे बाद सिर्फ मोबाइल वापस किया और सभी चालको को बंधक बना लिया। ट्रक मालिको ने बताया कि झारखंड सरकार एवं राज्य सरकार को हम लोग सड़क परिवहन टैक्स देते हैं। वही कुछ असामाजिक लोगों द्वारा ट्रक को रोक कर कहा जा रहा है कि सरकार को तो टैक्स देते हो हम लोगों को भी रंगदारी टैक्स देना होगा और 5000 प्रति गाड़ी की मांग की जा रही है। कहते हैं कि अगर रंगदारी टैक्स नहीं दोगे तो तुम लोगों को ट्रकों को यहां से नहीं गुजरने देंगे। हम सभी की गाड़ियां किस्त पर हैं। हम लोगों के गाड़ियों का प्रतिदिन 4500 रुपए मेंटनेस खर्च है। ट्रकों को रोकने वाले रंगदारों से हम लोगों को हरजाना दिलवाया जाए। उसके नुकसान भरपाई करवाया जाए। वहीं इस संबंध में जब ट्रक मालिकों ने कटकमदाग थाना प्रभारी से संपर्क किया तो उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। ट्रक मालिकों ने आगे बताया कि अगर उनके ट्रकों को मुक्त नही किया जाएगा तो बाध्य होकर मगध कोलियरी से लाभान्वित ट्रक मालिक अपने-अपने क्षेत्र में हजारीबाग रजिस्ट्रेशन की गाड़ियों को रोक देगे। इसकी जवाबदेही हजारीबाग जिला प्रशासन की होगी। आवेदन में बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम, राजेश राम,शंभू साव, अरुण केसरी, विशुन यादव, मुकेश राम, मनोज यादव चतरा, ईश्वर साव कुंडी, मोहन साव पंकज केसरी, गुड्डू कुमार, राजेंद्र राम, केदार साव,कुलदीप यादव, अशोक साव कई लोग के हस्ताक्षर है।

## अबुआ आवास व मंईयां सम्मान योजना को लेकर बीडीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक


बैठक करते बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ की मौजूदगी में पचायती राज जनप्रतिनिधियों और पंचायत सेवकों की बैठक हुई। बैठक में अबुआ आवास व मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर जानकारियां साझा की गई। बताया गया कि झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना का लाभ योग्य और जरूरतमंद को रैंक के आधार पर देना है। इसके लिए पंसस, मुखिया, पंचायत सेवक और अन्य समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक के दौरान झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 वर्ष की महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए दिए जानेवाले मंईयां सम्मान योजना और फाईलेरिया उन्मूलन के 10 से 25 अगस्त तक चलनेवाले अभियान को भी सफल बनाने के लिए भी सहभागिता निभाने की बात कही गई। मौके पर प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयशंकर पाठक, उपप्रमुख आश्विनी मिश्र, कुशध्वज कुमार, बालेश्वर उरांव, जतरू मुंडा, फुलजेन्सिया टोप्पो, रंजीता एक्का, दुर्गावती देवी, सुशीला टोप्पो, बलकु मुंडा समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य व अन्य मौजूद थे।

# जमीन विवाद में आक्रोशित भीड़ के द्वारा महिला समेत 3 के साथ मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

- समय पर पहुंचकर पुलिस ने बचाई जान, महिला ने थाना में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार
- 8 नामजद व 55 से 60 अज्ञात पर लगाई है मारपीट करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत गनियारी ग्राम में जमीन विवाद में आक्रोशित भीड़ के द्वारा एक महिला समेत उसके बेटे व भतीजे के साथ बेरहमी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार की देर शाम की है। हालांकि पुलिस के सही समय पर पहुंच कर हस्तक्षेप किये जाने व आक्रोशित भीड़ को समझा बूझाकर मामला शांत कराया गया अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस के द्वारा घायल महिला बरती देवी व उनके बेटे व भतीजे को भीड़ से बाहर निकाला गया, जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बरती देवी के बेटे व भतीजे के सर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई है। मामले को लेकर भुक्तभोगी बरती देवी ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर आठ पर नामजद व 55-60 अज्ञात लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगायी है। भुक्तभोगी ने बताया कि गनियारी मध्य विद्यालय के समीप निजी जमीन पर वह जोत-कोड़, झाड़ी कटाई व समतलीकरण करवा रही थी, इसी दौरान 8 नामजद व 55-60 अज्ञात लोग लाठी डंडे के साथ पहुंच कर गाली गलौज करने लगे व मेरे भतीजे पिंटू कुमार को मार कर घायल कर दिया, पीड़िता का आरोप है कि आक्रोशित भींड के द्वारा ही रास्ते को भी कटवा दिया, रास्ता काटने से इनकार करने पर जेसीबी चालक के साथ भी मारपीट की भी धमकी दी गयी।

घटना की सूचना के बाद बीच बचाव करने पहुंचे पुत्र के साथ भी मारपीट किये जाने आरोप पीड़िता ने लगाई है। वहीं खबर लिखे जाने तक मामले में दूसरे पक्ष की ओर से थाना में आवेदन नही दिया गया था। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, मामले में जांच पड़ताल को लेकर दूसरे पक्ष को बुलाया गया है। जांचोंपरांत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# चेतलाल रामदास ने लोगों की सुनी समस्या, दूर करने का दिया भरोषा


ग्रामीणों की समस्या सुनते चेतलाल रामदास।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा नेता चेतलाल रामदास नें विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पेशरार पंचायत अतर्गत ग्राम लवरपुर एवं शिशी पंचायत के नावाडीह गांव मे जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगो की समस्याओं सें अवगत हुए और उन्होंने कहा कि पेशरार पंचायत के लवरपुर गांव मे आवागमन करने वाला सड़क काफी जर्जर है इसे बनवाने का प्रयास करूंगा। चेतलाल रामदास नें लोगो के बीच इस बात को गंभीर रूप सें चर्चा किया और कहा की आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने यहां के समस्याओं को सुधि नहीं लिया। आगे आश्वासन देते हुए कहा की सभी ग्रामीण भारतीय जनता पार्टी को सपोर्ट करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद हम आपके क्षेत्र मे आकर आपके आवागमन करने वाले जर्जर सड़क को दुरस्त कर विभिन्न समस्याओं को दूर करेंगे। साथ ही कहा की सभी के दुख सुख मे कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। लोगों की मूल भूत समस्या को निष्पादन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर काफी संख्या मे गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

# नये सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने दिया योगदान


पदभार लेते सीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** गारू में नये अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को योगदान दिया और अंचल अधिकारी संतोष बैठा से प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई जिसमें अंचल के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।अपने पहले संबोधन में, दिनेश कुमार मिश्रा ने अंचल की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जाति, स्थानीयता, आय और जमीन मोटेशन से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। मिश्रा ने जोर देकर कहा कि अंचल के लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ जल्द से जल्द और सरलता से प्राप्त हो सके, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही, मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना और सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

मिश्रा ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों से विभिन्न प्रक्रियाओं और लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों का निपटारा जल्द से जल्द किया जाएगा और इसके लिए एक समयबद्ध योजना बनाई जाएगी। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी समस्या या शिकायत के लिए सीधे उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मिश्रा ने विश्वास दिलाया कि अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी।

## सीएचओ एवं एएनएम को (फाईलेरिया) आईडीए एमडीए कार्यक्रम को लेकर दिया गया प्रशिक्षण


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** मंगलवार को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरवाडीह में सीएचओ एवं एएनएम को (फाईलेरिया) आईडीए एमडीए कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में सभी ए०एन०एम० और सी०एच०ओ० इस प्रशिक्षण में भाग लिया। आगामी 10अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले फाईलेरिया कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक देबानजन बेनर्जी ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया की मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं। इस का लक्षण एवं प्रभाव पांच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है, फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन लक्षित समुदाय के लोगों को शत प्रतिशत खिलाई जानी है। साथ ही जिले में चल रहे सम्पूर्णता अभियान को लेकर नीति संकेतो पर भी चर्चा किया गया की आगामी 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का कार्यक्रम चलेगा।

## सीओ से स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग किया



**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी के कार्यकर्ताओ ने अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ से मुलाकात कर मूलभूत सुविधा प्रबंध कराने के संबध ज्ञापन सौंपा। झामुमों कार्यकताओं ने खलारी ओवर ब्रिज से शहीद चौक, बैंक चौक होते हुए उपाधीक्षक कार्यालय तक स्ट्रीट लाइट लगाने की पेशकश किया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि खलारी ओवरब्रिज से लेकर डीएसपी कार्यालय तक रात में पूरा अंधेरा रहता है। साथ बारिश का मौषम में उक्त सड़क पूरा जलमग्न अधिकतर रहता है। जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, हैदर अली खान, वीरू सिंह, एहसान अंसारी, रीतम कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

## झारखण्ड कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय से मुलाकात की कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी

**खलारी।** झारखण्ड राज्य कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा तुरी ने रांची धुर्वा के आवास में जाकर शिस्तचार मुलाकात की। इस मुलाकात में कांग्रेस नेत्री ने मंत्री दीपिका पांडेय को कृषि मंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही कृषक मित्रों के मानदेय पर चर्चा की। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही किसानों के हित में फैसला लेगी। मंत्री से मुलाकात करने वाले कांग्रेस नेताओं में कांग्रेस प्रदेश कॉर्डिनेटर बिनोद साहू, छात्र नेता कुमार रौशन सहित कई लोग शामिल थे।

